मध्यप्रदेश विधान सभा

फरवरी–मार्च, 1999 सत्र

दैनिक कार्य सूची

बुधवार, दिनांक 17 फरवरी, 1999 (माघ 28, 1920)

समय 10.30 बजे दिन

1. शपथ/प्रतिज्ञान

जिन सदस्यों ने शपथ नहीं ली है या प्रतिज्ञान नहीं किया है, वे शपथ लेंगे या प्रतिज्ञान करेंगे, सदस्यों की नामावली में हस्ताक्षर करेंगे और सभा में अपना स्थान ग्रहण करेंगे.

2. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री सुधाकर राव बापट, सदस्य, विदिशा जिले की कुरवाई की पुलिस की हिरासत में एक व्यक्ति की मौत होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री प्रेमचन्द गुड्डू, सदस्य, इंदौर–सांवेर मार्ग पर स्थित रामा फॉस्फेट लिमिटेड के प्लांट में पांच श्रमिकों की मौत होने की ओर राज्यमंत्री श्रम का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री माधव सिंह ध्रुव, सदस्य, दुर्ग जिले के मड़ियापारा जलाशय का कार्य पूर्ण कराये जाने,

(2) कुंवर अशोक वीर विक्रम सिंह, सदस्य, पन्ना जिले के ग्राम श्यामगिरी से सभागंज (सतना जिला) मार्ग के हरदुआ घाट पर सड़क निर्माण कराये जाने, तथा

(3) श्री सईद अहमद, सदस्य, सतना शहर स्थित –

(क) इण्डियन आयल कम्पनी का डिपो अन्यत्र स्थानांतरित कराये जाने, एवं
(ख) बस स्टेन्ड से ग्राम उचवा टोला तक स्वीकृत बायपास रोड का कार्य पूर्ण कराये जाने,

के संबंध में याचिकायें प्रस्तुत करेंगे.

5. वर्ष 1998–99 के द्वितीय अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन

श्री अजय मुशरान, वित्त मंत्री, वर्ष 1998–99 के द्वितीय अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन करेंगे.

6. शासकीय विधि विषयक कार्य

श्री सत्यनारायण शर्मा, संसदीय कार्य मंत्री, दण्ड प्रक्रिया संहिता (मध्यप्रदेश संशोधन) विधेयक, 1999 (क्रमांक 2 सन् 1999) के पुरःस्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुरःस्थापित करेंगे.

के.पी. तिवारी
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा

भोपाल :
दिनांक : 16 फरवरी, 1999